Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 11-03-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

an>

Title : Need to check frequent entry at Nepal and Tibbet Border in Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष जी, उत्तरांचल के पिथौरागढ़ जिले की तहसील धारचूला का बॉर्डर तिब्बत और नेपाल के साथ लगा हुआ है। आंतरिक सुरक्षा तथा इसकी अंतर्राट्रीय सीमा को देखते हुए यहां जौलजीवी नामक स्थान पर पुलिस चौकी और इनर-लाइन बनाई गई थी। वर्ा 1980 के आसपास जब चीन और नेपाल के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध हुए थे तो इसे जौलजीवी से हटाकर लिपुलेक की तरफ गुंजी के पास 150 किलोमीटर ऊपर हायर आल्टीट्यूड में ट्रांसफर किया गया था। इस समय देश में अंतर्राट्रीय आतंकवाद व्याप्त है और नेपाल बिल्कुल उससे लगा हुआ है। वहां माओवादी गतिविधियां काफी तेजी से बढ़ रही है। इसलिए वहां एस.एस.बी. को तैनात किया गया है। जो इनर-लाइन 150 किलोमीटर हायर ऑल्टीट्यूड पर शिफ्ट की गई थी, उसे जौलजीवी जो गोरी गंगा नदी और काली गंगा नदी का जंक्शन है, उसे यहां पुनः लाया जाए। ताकि लोगों की फ्रीक्वैन्ट एन्ट्री को रोका जा सके और इस पर काबू पाया जा सके। यही मेरी सरकार से मांग है।

अध्यक्ष महोदय : श्री भंवर सिंह डांगावास जी, आप बोलिये। वैसे तो आपका नोटिस बहुत लेट आया था, लेकिन आपका इश्यु महत्वपूर्ण है, इसलिए आपको बोलने का चांस दे रहे हैं।